अब अगले ढाई वर्षों में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी : तिवारी

नवभारत न्यूज

दतिया, 20 जुलाई। दतिया विधानसभा क्षेत्र का विकास पिछले ढाई वर्षों से अवरुद्ध हो चुका है, लेकिन अब अगले ढाई वर्षों में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। भारतीय जनता पार्टी विकास के नाम पर आपसे वोट लेती है और विकास करके भी दिखाती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के पास विकास दिखाने के लिए नहीं है, क्योंकि उन्होंने कभी विकास के कार्य कराए ही नहीं थे, तो क्या दिखाएंगे।

उक्त बात दतिया उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने दतिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों लखनपुर, जनकपुर, ठकुरपुरा, सतलोन, हिम्मतपुर, जैतपुर, वरूधवा, सांकुली, नयाखेड़ा, मुड़रा, उर्दना, मकड़ारी, मानिकपुर, बसई सहित फुलरा, पगरा, करारी, चिरूला, चिरूलाडेरा, सहित कई अन्य गांवों में संघन जनसंपर्क किया।

श्री तिवारी ने देवतुल्य जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ राजा-महाराजा परिवार को ही उम्मीदवार बनाती है, लेकिन भाजपा में जमीनी कार्यकर्ताओं को टिकट दिया जाता है। भाजपा ने इस बार मुझे टिकट देकर आपकी सेवा का अवसर पर प्रदान किया है। मैं वादा करता हूं कि आपकी सेवा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दूंगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील तिवारी ने कहा कि हमारा नेतृत्व सशक्त और सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान मिली है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास में नित नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। यह सब हमारी पार्टी के सशक्त एवं सक्षम नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। एडवोकेट अनिल अवस्थी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने देश-प्रदेश की तस्वीर बदल दी है।

दतिया में भाजपा सरकार में ही विकास कार्य हुए हैं। कांग्रेस ने वर्षों तक शासन करने के बाद भी दतिया में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। कांग्रेस के शासनकाल में दतिया विकास के लिए तरस रहा था, लेकिन भाजपा की सरकार ने विकास की सौगात दी। आज वह विकास जमीन पर भी नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को गांव-गांव में लोगों का समर्थन मिल रहा है। वे जहां भी पहुंच रहे हैं युवा, महिलाएं, बुजुर्ग उनसे अपनेपन के साथ मिल रहे हैं। श्री तिवारी सभी से भाजपा को ऐतिहासिक मतों से विजयी होने का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। ढोल-नगाड़ों के साथ उनकी अगवानी की जा रही है। वे भी लोगों से मिल रहे इस आशीर्वाद से अभिभूत होकर सभी का आभार व्यक्त कर रहे हैं। इस दौरान वे सभी को विश्वास भी दिला रहे हैं कि उनकी सेवा में वे कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। उनकी एक आवाज पर उनके दरवाजे पर आकर खड़े हो जाएंगे।

जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

दतिया, 20 जुलाई। दतिया विधानसभा उप निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 8 प्रकरणों में कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब एवं 44 क्वार्टर देशी मदिरा, कुल 11,724 मूल्य की जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की है सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

8 प्रकरणों में 70 लीटर कच्ची शराब, 44 क्वार्टर देशी शराब जब्त

शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी : राय

नवभारत न्यूज

दतिया, 20 जुलाई। आगामी विधानसभा उपचुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह चावला के मार्गदर्शन में थाना बसई और थाना प्रभारी बसई विवेक राय ने ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों के साथ संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने गांवों के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर आमजन से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि चुनाव के दौरान शांति भंग करने अथवा किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि करने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह थाना उनाव

पुलिस ने लमान माता रोड पुलिया के पास से आरोपी विशाल पुत्र हरिमोहन यादव को 32 बोर की अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। सिविल लाइन पुलिस ने कपाली आश्रम के पास से आरोपी पिन्टू उर्फ प्राण सिंह यादव के कब्जे से एक 315 बोर का देशा कटट्ा व कारतूस एवं चिरूला थाना प्रभारी हिमांशू भार्गव ने डगरई में फरार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जिस पर आरोपी के मकान पर ताला लगा मिला।

रतनगढ़ माता मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवभारत न्यूज

सेवढ़ा, 20 जुलाई। बारिश के बीच भी रतनगढ़ माता मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई। लगातार हो रही वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां रतनगढ़ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

सुबह से हो रही बारिश नहीं रोक सकी लोगों की आस्था

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस, राजस्व एवं मंदिर प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारी व्यवस्थाओं पर लगातार नजर बनाए रहे, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन कराए जा रहे हैं। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं में माता के प्रति अटूट श्रद्धा और उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही पूरे समय बनी रही।

यूथ चला बूथ की ओर विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज

दतिया, 20 जुलाई। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 20 जुलाई सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), दतिया में यूथ चला बूथ की ओर विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दतिया सुश्री सुरभि जैन रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विनीत त्रिपाठी तथा सहायक संचालक शिक्षा सुश्री मुस्कान दिनकर उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट दतिया के प्राचार्य यू.एन. मिश्रा ने की। सभी अतिथियों ने स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्यों, मतदाता जागरूकता तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भूमिका पर अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डाइट में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर अपने प्रभावशाली विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों ने विशेष रूप से युवाओं एवं प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं से आगामी निर्वाचन में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की तथा अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व को सफल बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वीप टीम के सदस्य, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा शर्मा, जय राम पटवा, शैलेन्द्र खरे तथा अवधेश शर्मा सहित डाइट परिवार के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

पाइप लाइन टूटने से व्यर्थ बह रहा हजारों ली. पानी

नवभारत न्यूज

दतिया, 20 जुलाई। मुख्यमंत्री के जल बचाओ अभियान के बीच बसई क्षेत्र के बरधुवॉ में पेयजल पाइप लाइन उस समय फूट गई। बिजली विभाग द्वारा बिजली के पोल खड़े किए जा रहे थे इस बीच पोल खड़ा करने के लिए बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा पोल खड़ा करने के लिए बिना सावधानी के जमीन में होल कर दिया होल के दौरान जमीन से निकली पाइप लाइन टूट गई पाइप लाइन टूटने से हजारो लीटर पानी व्यर्थ वह रहा है

चार दिनों से लगातार जमीन से 2 से 3 फीट ऊंचाई तक पानी का फव्वारा निकलता रहा। हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। पाइप लाइन टूटने के बाद पानी सड़क पर बह रहा आसपास के इलाके में भी पानी फैल गया।

जानकारी मिलने पर जागरूक लोगों ने वीडियो बनाया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया। संबंधित अधिकारियों तक सूचना पहुंचाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस की जानकारी दी लेकिन आज 4 दिन हो गए अभी तक समाधान नहीं हुआ।

वहीं पाइप लाइन से लगातार पानी बहने से पोल में करंट आ रहा है करंट आने से बड़ी घटना होने की शंका सता रहा है।

एक नजर में

जिला शिक्षाधिकारी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

दतिया, 20 जुलाई। दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन हेतु जिले में आने वाली 30 तारीख को शांतिपूर्ण स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उददेश्य से सोमवार को विभिन्न मतदान केन्द्रों का जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती विद्या मिश्रा ने बसई क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रो पर साफ-सफाई के साथ पानी जैसे सभी सुविधाओं का जायजा लिया यही नहीं जिस किसी मतदान केंद्र पर जो भी कमी दिखाई दी उस केंद्र पर उसे शीध्र पूरा करने के लिए कहा बसई क्षेत्र के 11 पंचायत के सभी मतदान केंद्र पर एक एक कर निरीक्षण किया उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, मतदान केन्द्रों की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, रैंप, शौचालय, साफ-सफाई आदि तैयारियों को जायजा लिया। मतदान निरीक्षण के दौरान उनके साथ रामकुमार सोनी बाबू भी मौजूद रहे।

शिकायत प्रभारी के सहयोग हेतु प्राचार्य शुक्ला नियुक्त

दतिया, 20 जुलाई। दतिया विधानसभा उप निर्वाचन 2026 अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भूपेन्द्र सिंह कुशवाह द्वारा संशोधित आदेश जारी करते हुए शिकायत प्रभारी एवं कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उनाव सुनील शुक्ला मो. नं. 8299284182 को नियुक्त किया है। पूर्व में डीपीओ अरविन्द उपाध्याय को नियुक्त किया गया था।

एफएसटी टीम ने अब तक लगभग 85 लाख से अधिक राशि जब्त की

दतिया, 20 जुलाई। दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एफएसटी टीम द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में अभी तक लगभग 85 लाख रूपये से अधिक की नगद राशि जब्त की गई है। रिटर्निंग अधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक जो नगर राशि जप्त की गई है उसमें 4 जुलाई को 19 लाख रूपये, 10 जुलाई को 15 लाख रूपये, 16 जुलाई को 21 लाख 19 हजार रूपये, 87 हजार रूपये, 15 लाख रूपये, 17 जुलाई को 5 लाख रूपये, 7 लाख रूपये, 1 लाख रूपये और 19 जुलाई को 1 लाख 24 हजार 500 रूपये की नगद राशि जप्त की गई है।

पांच पर जिला बदर की कार्यवाही

दतिया, 20 जुलाई। दतिया जिले में होने वाले विधानसभा उप निर्वाचन 2026 को शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े द्वारा पांच व्यक्तियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनावेदक सागर सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम बसई जीव थाना थरेट, पप्पू उर्फमहेन्द्र परिहार पुत्र हरदयाल परिहार निवासी ग्राम सेंथरी थाना थरेट को म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 धारा 3 की सहपठित धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दो माह तक कालावधि के लिए तथा बाबीराजा बुंदेला पुत्र वीरेन्द्र सिंह बुंदेला निवासी ग्राम भड़ौल हाल ग्राम कुठौदां थाना इन्दरगढ़, अंकित यादव पुत्र हिम्मत सिंह यादव निवासी राजगढ़ के नीचे थाना कोतवाली, कालू उर्फकोमेश राजपूत पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम रामपुराखुर्द थाना भगुवापुरा प्रत्येक को एक-एक माह की तक की कालावधि के लिए जिला दतिया एवं उससे लगे अन्य जिले शिवपुरी, ग्वालियर, भिण्ड़ जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का निष्कासान आदेश जारी किया है। साथ ही आदेश किया कि उक्त प्रतिबंधित जिलों की सीमाओं से बाहर चले जाने की सुनिश्चिता हेतु अनावेदक प्रत्येक माह निष्कासन अवधि में अपने निवास के स्पष्ट डाक पता की सूचना थाना प्रभारी थरेट को डाक या अन्य माध्यम से भेजेगा।

भांडेर में प्राचीन कुएं-बावड़ियां हो रही उपेक्षा की शिकार

दतिया, 20 जुलाई। नगर में स्थित वर्षों पुराने कुएं, बावड़ियां और अन्य पारंपरिक जलस्रोत आज उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं। कभी नगर की प्यास बुझाने वाले ये ऐतिहासिक जलस्रोत अब गंदगी, झाड़ियों, अतिक्रमण और रखरखाव के अभाव में अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद भांडेर द्वारा इन जलस्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं, जबकि शासन स्तर पर समय-समय पर जल संरक्षण और पुराने जलस्रोतों के पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाए जाते रहे हैं।

संरक्षण न होने से मिट रहा ऐतिहासिक जल विरासत का अस्तित्व

नगर के कई प्राचीन कुएं और बावड़ियां आज कचरे से पटे हुए हैं। कहीं उनमें झाड़ियां उग आई हैं तो कहीं लोगों ने आसपास अतिक्रमण कर लिया है। नियमित सफाई और मरम्मत नहीं होने से इनकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई स्थानों पर सुरक्षा दीवारें और सीढ़ियां भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इन प्राचीन जलस्रोतों का समय रहते संरक्षण किया जाए तो यह न केवल नगर की ऐतिहासिक धरोहर को बचाने में मददगार होगा, बल्कि भूजल स्तर बढ़ाने और वर्षा जल के संचयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान समय में जल संकट लगातार बढ़ रहा है, ऐसे पारंपरिक जलस्रोतों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रथम रेंडमाइजेशन आयोजित

नवभारत न्यूज

दतिया, 20 जुलाई। दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सामान्य प्रेक्षक विजय भारती एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े की उपस्थिति में सोमवार को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तर पर अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रथम अतिरिक्त रेंडमाइजेशन किया गया।

रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। इस दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से अतिरिक्त बैलेट यूनिट का रेंडमाइजेशन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों ने रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए निर्वाचन की तैयारियों की भी समीक्षा की।

गुप्त नवरात्रि की सप्तमी पर काली माता मंदिर में विशाल भंडारा

दतिया, 20 जुलाई। नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में गुप्त नवरात्रि की सप्तमी के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। भक्तों ने विधि-विधान से मां काली का पूजन-अर्चन कर परिवार की खुशहाली एवं क्षेत्र की उन्नति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से प्रसाद वितरण कराया।

नगर पालिका टीम ने 30 किलो पॉलिथिन जब्त कर की कार्यवाही

गुना, 20 जुलाई। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं सीएमओ शैलेश अवस्थी के आदेशानुसार स्वच्छता शाखा की टीम ने शहर में प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान हाट रोड गल्ला मंडी स्थित मनोज किराना स्टोर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अमानक पॉलिथीन बरामद की गई। स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव और उनकी टीम ने मनोज किराना स्टोर पर कार्रवाई करते हुए लगभग 30 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 6000 रुपये बताई जा रही है। दुकान में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग और भंडारण पाए जाने पर दुकानदार पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक ने दुकान मालिक को सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में पुन: अमानक पॉलिथीन का उपयोग या भंडारण पाया गया, तो इससे भी अधिक राशि का जुर्माना लगाया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आबकारी टीम की अचानक दबिश

गुना, 20 जुलाई। अवैध शराब के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और ग्वालियर संभाग के आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन में विभाग की टीम ने अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए छापामार कार्रवाई की है।

जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में सोमवार को आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन की अगुवाई में टीम ने ग्राम गढ़लागिर्द और बिसभुजा मंदिर के पीछे स्थित खेतों में अचानक दबिश दी। आबकारी टीम की इस बिन बुलाए आमद से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान गढ़लागिर्द में आरोपी रंजीता पारदी पति धर्मराज पारदी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वहीं बजरंगगढ़ कॉलोनी में एक खेत से अवैध शराब बरामद होने पर गहराई से विवेचना शुरू कर दी गई है।

खेत से अवैध शराब बरामद

इस पूरी कार्रवाई में टीम ने मौके से 35 लीटर जहरीली हाथभट्टी कच्ची शराब जब्त की। साथ ही शराब बनाने के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया लगभग 200 किलोग्राम गुड़-लाहन भी बरामद किया, जिसे आबकारी टीम ने मौके पर ही पूरी तरह नष्ट कर दिया। जब्त की गई सामग्री और नष्ट किए गए लाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपए आंकी गई है।

मामले में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 3 आपराधिक केस दर्ज किए गए हैं। इस पूरी मुहिम को सफलता से अंजाम देने में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

नए पीजी कॉलेज की मांग तेज

नवभारत न्यूज

दतिया, 20 जुलाई। नगर में उच्च शिक्षा की सुविधाओं का विस्तार किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। शासकीय विजयाराजे सिंधिया महाविद्यालय, भांडेर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र में नए स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज अथवा वर्तमान महाविद्यालय के लिए नए भवन के निर्माण की मांग उठाई है।

छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की उठाई आवाज

विद्यार्थियों का कहना है कि वर्तमान में महाविद्यालय पथनवाली माता मंदिर के समीप स्थित पुरानी भवन में संचालित हो रहा है, जहां पर्याप्त कक्षों और संसाधनों का अभाव है। इसी कारण कई विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो पा रही हैं।

छात्रों के अनुसार वर्तमान महाविद्यालय में पीजी स्तर पर केवल राजनीति शास्त्र और अर्थशास्त्र विषयों में ही अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, वाणिज्य, विज्ञान तथा अन्य विषयों में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को मजबूरी में दतिया, ग्वालियर या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है,